an>

Title: Regarding the issue of releasing the fisherman caught by Pakistani Marine Police.

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) :** महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे देश का सबसे ज्यादा समुद्री किनारा 1640 किलोमीटर गुजरात में हैं। इसमें सबसे ज्यादा मेरे क्षेत्र अमरेली के चार तहसील में है। मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि हमारे मछुआरे जो मछली पकड़ने समुद्र में जाते हैं, उनको बॉर्डर का पता नहीं है, एरिया का पता नहीं होता है, इसलिए उनको पाकिस्तानी मरिन पुलिस पकड़ लेती है, उनके साथ जो सलूक किया जाता है, जो यातनाएं दी जाती हैं, वह हम जानते हैं। आज कई सालों से पाकिस्तान की जेलों में हमारे यहां गुजरात और खासकर मेरे क्षेत्र के मछुआरे जेलों में पिछले कई सालों से सड़ रहे हैं। मैं भारत सरकार से उसको छुड़वाने के लिए रिक्वेस्ट करता हूं। साथ ही साथ यह भी कहना चाहता हूं कि मछुआरों की वोट जो बैंक लोन से ली जाती हैं या साहूकारों से ब्याज पर लिया जाता है। एक वोट की कीमत लगभग 50-60 लाख रुपये होती है, वह भी सड़ रहा है। मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि जल्द से जल्द इन मछुआरों को छुड़वाया जाए और उन्हें परिवार के मिलाया जाए, जिससे वह अपने परिवार के साथ रह सके।

**13.00 hrs.**